## सार-समाचार

### पंचाहनिका महोत्सव की पूर्णाहुति

**पाली**, (नि.सं.)। श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ लोढ़ा का बास पाली में चल रहे साधनामय स्वर्णिम चातुर्मास के अंतर्गत ज्योति चंदनबाला म.सा. के स्वर्णिम संयम वर्ष अनुमोदनार्थ आयोजित पंचाहनिका महोत्सव के पांचवे दिन 68 दिवसीय महामंगलकारी मंगल कलश का भव्य पूजन किया गया। जिसमें नागदा से डॉ विपिन वागरेचा ने विधिकारक के रूप में भागीदारी निभाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार महामंगलकारी नवकार कलश 68 दिन तक संघ के प्रत्येक घर घर में गया। साथ ही घर पर भव्य नवकार जाप एवं परमात्मा भक्ति का आयोजन हुआ। संघ के अक्षत लोढ़ा ने बताया कि मंगल कलश का लाभ कोलकाता निवासी शशिभाई मंजू गोलू भाई बदलिया परिवार द्वारा लिया गया। साथ ही मंगलकलश पूर्णाहुति निमित श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ एवं पूजन में साधर्मिक भक्ति का लाभ भी इन्हीं परिवार द्वारा लिया गया। साध्वी के स्वर्णिम संयम वर्ष निमित आयोजित कार्यक्रम में संघ के प्रत्येक घर ने उत्साह से भाग लिया एवं संयमजीवन की अनुमोदना की। श्री शांतिनाथ जैन सेवा संस्थान शांतिनाथ महिला मंडल एवं अर्हम मंडल का भी सहयोग रहा। इस अवसर पर राज लूणिया, मोतीलाल कटारिया, सुरेश लोढ़ा, अभय कटारिया, शशि भाई बदलिया, दीपेश जिंदाणी, नवीन लूणीया, जिनेन्द्र गड़ावत, दीपक चोपड़ा, सोहन बोहरा, प्रथम छाजेड़, पुनीत लोढ़ा, जयकुमार जिंदाणी, नरेंद्र कांकरिया आदि का सहयोग रहा।

### जालोर जिले में 1382 मतदान केन्द्र

**जालोर**, (कासं)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में अर्हता तिथि 1 जनवरी, 2025 के संदर्भ में मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के पूर्व प्रारम्भिक गतिविधियों के अंतर्गत मतदान केन्द्रों के पुनर्गठन, सुव्यस्थिकरण एवं भवन परिवर्तन के लिए भेजे गए प्रस्ताव का अनुमोदन किये जाने के उपरांत जालोर जिले में अब कुल 1375 के स्थान पर 1382 मतदान केन्द्र होंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी (अति. कलक्टर) जालोर राजेश मेवाडा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जालोर जिले मतदान केन्द्रों के पुनर्गठन व सुव्यवस्थिकरण के लिए भेजे गए प्रस्ताव के अनुमोदन के उपरांत जालोर जिले के जालोर विधानसभा क्षेत्र (142) में 3 मतदान केन्द्रों के विभाजन व 3 मतदान केन्द्रों का नवसृजन के उपरांत अब कुल 261 मतदान केन्द्र, भीनमाल विधानसभा क्षेत्र (143) में 4 मतदान केन्द्रों के पुनर्गठन व 1 मतदान केन्द्र के नवसृजन के उपरांत कुल 285 मतदान केन्द्र, सांचौर विधानसभा क्षेत्र (144) में 2 मतदान केन्द्रों के पुनर्गठन व 1 मतदान केन्द्र के नवसृजन के उपरांत कुल 32० मतदान केन्द्र तथा रानीवाडा विधानसभा क्षेत्र (145) में 11 मतदान केन्द्रों के पुनर्गङ्गन, 2 मतदान केन्द्रों के विभाजन व 2 मतदान केन्दों के नवसृजन के उपरांत कुल 254 मतदान केन्द्र होंगे। वही आहोर विधानसभा क्षेत्र (141) में 262 मतदान केन्द्र होंगे।

### दो युवा कवियों का दस्तक में चयन

**रानीवाड़ा**, (नि.सं.)। कवियों की अन्तर्राष्ट्रीय संस्था राष्ट्रीय कवि संगम के बैनर तले राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आगामी 15 नवंबर को आयोजित दस्तक नई पीढ़ी कवि सम्मेलन में राजस्थान प्रांत से दो युवा कवि परीक्षित पाण्डेय रानीवाड़ा एवं पारसमल बाड़मेर का चयन हुआ है। बता दें कि राष्ट्रीय कवि संगम देश की सबसे बड़ी अंतर्राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था है, जो प्रतिवर्ष दिल्ली में देशभर के चुनिंदा युवा कवियों को चुनकर उन्हें दस्तक युवा पीढ़ी के तहत आमंत्रित करती है। जिसमें चुने हुए कवि अपना काव्यपाठ करते हैं। इस वर्ष पूरे भारत देश से 12 कवि चयनित किए गए हैं, जिसमें से राजस्थान प्रांत से दो कवियों का चयन होना गौरव की बात है। राष्ट्रीय कवि संगम राजस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष जोगेश्वर गर्ग मुख्य सचेतक राजस्थान सरकार, कार्यकारी अध्यक्ष किशोर पारीक, प्रांतीय मंत्री बालमुकुंद पुरोहित, आशा पाण्डेय ओझा, जोधपुर प्रांत प्रभारी परमानंद भट्ट, जालोर जिलाध्यक्ष विवेकपाल सिंह सहित राष्ट्रीय कवि संगम से जुड़े विभिन्न पदाधिकारियों ने दोनों युवा कवियों को शुभकामना प्रेषित करते हुए अपनी खुशी जाहिर की है।

### पालकी यात्रा का स्वागत किया

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में साईं सेवा संस्थान की ओर से हर साल की तरह इस बार भी गुरुवार को रामदेव रोड से साइ पालकी यात्रा शाम 4 बजे बैंड बाजा के साथ धूमधाम से रवाना हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पालकी यात्रा में घोड़े पर सवार युवक साई बाबा के जीवन को चरित्र करते विभिन्न झांकियां शिव पार्वती के साथ ट्रैक्टरों में महिला भजन मंडली डीजे पर नाचती महिलाएं, मराठी केसरिया रंग की साड़ियां पहने युवतियां रास्ते में पुष्प वर्षा करते हुए चल रही थी। सबसे पीछे साई बाबा का रथ श्रद्धालु खींचते हुए चल रहे थे। रामदेव रोड से रवाना होकर सिंधी कॉलोनी, पानी दरवाजा भेरू घाट पर पाली नगर निगम की ओर से राकेश भाटी की ओर से सभी को खट्टे चावल का प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें सोहन सिंह राव, श्री कृष्ण परिहार, गौतम चौधरी, विशाल आदी का सहयोग रहा। यहां से गांधी मूर्ति स्टेशन मिल गेट होते हुए हाउसिंग बोर्ड साई बाबा मंदिर पहुंचा। जहां आरती के पश्चात भंडारे का आयोजन आयोजक ललित माली की ओर से किया गया। रात्रि में इंदौर से गायक मनोज के भजनों पर भजन संध्या का आयोजन हुआ।

### वाल्मीकि का प्राकट्यय दिवस मनाया

**जोधपुर**, (कासं)। अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा एवं मजहबी वाल्मीकि सिख गुरुद्वारा के संयुक्त तत्वावधान में हर साल की भांति इस साल भी रामायण रचयिता महर्षि वाल्मीकि का प्राकट्यय दिवस महामंदिर स्थित मजहबी वाल्मीकि सिख गुरुद्वारा में स्थित भगवान वाल्मीकि के मंदिर प्रांगण में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक रोशनी व फूलों से सजाया गया। अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा जिला कमेटी के तत्वावधान में मंदिर प्रांगण में वाल्मीकि जयंती दिवस पर खीर पुडी का भोग लगाकर पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात दीपक जलाकर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किए गए तथा कपूर आरती से पूजा पाठ कर देश और समाज में खुशहाली की कामना की। इस मौके पर वाल्मीकि समाज के अलावा अन्य वरिष्ठजनों द्वारा वाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश डाला। अंत में वेदराज कंडारा ने मंदिर प्रांगण में आए सभी संत महंतों भजन प्रेमियों और कोतवाल कार्यकर्ताओं का सम्मान कर खीर पुरी का प्रसाद वितरण किया।

### निजी वाहनों के विरूद्ध कार्रवाई

**जैसलमेर**,(नि.सं.)। जिले में परिवहन विभाग द्वारा ओवरलोडिंग, ओवरक्राउडिंग एवं निजी वाहनो का व्यवसायिक रूप में संचालित होने, बिना परमिट, बिना फिटनेष इत्यादि अवैध रूप से संचालित वाहन चालकों के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की गई । जिला परिवहन अधिकारी नितिन बोहरा ने बताया कि परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा सम तहसील व लखमणा सेण्डडियून्स क्षेत्र के आस-पास विषेष अभियान चलाते हुए क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर वाहन संचालित करने, बिना फिटनेस, बिना परमिट, बीमा, बिना लाईसेंन्स, बिना रिफलेक्टर टेप तथा बिना टैक्स इत्यादि रूप से अवैध संचालित वाहनों के विरूद्व विभागीय उड़नदस्ते द्वारा कार्यवाही करते हुए 14 वाहनों के चालान बनाकर, 2 वाहनों को सीज किया गया। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा बिना टैक्स वाहन चालकों के विरूद्व नियमानुसार कार्यवाही जारी रहेगी।

### जरूरतमंदों को राशन बांटा

**पाली**, (नि.सं.))। श्री हिन्दू सेवा मंडल के तत्वावधान में अध्यक्ष डॉ एम एस लोढ़ा के सान्निध्य में संस्था द्वारा संचालित गरीब राशन कार्ड योजना के तहत शहर के अतिजरुरतमंद 156 लोगों को जरुरत की सभी सामग्री युक्त किट वितरण किए गए। प्रवक्ता देवराज शर्मा ने बताया कि इसके साथ वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बालाल सालंकी, डॉ जी एन अरोड़ा, ढलाराम जांगिड़ व कंवर लाल मंडोरा ने कुष्ठरोगियों की संभाल कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए व्यवस्थापक विजय नाथ व जेठूसिंह राजावत को दवा, भोजन,आवास व स्वच्छता की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए। लाभार्थियों व कुष्ठरोगियों ने समय पर देखभाल के लिए आभार जताया ।

### उप पंजीयक कार्यालय खुले रहेंगे

**जालोर**, (कासं)। पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग राजस्थान अजमेर द्वारा जारी निर्देशानुसार आमजन की सुविधा व त्योहारी सीजन को देखते हुए जिले के सभी उप पंजीयक कार्यालय राजकीय अवकाश 19 एवं 26 अक्टूबर को भी सामान्य कार्य दिवसों के समान खुले रहेंगे। पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग पाली के उप महानिरीक्षक भागीरथ राम ने बताया कि 19 एवं 26 अक्टूबर को दस्तावेजों के पंजीयन एवं अन्य समस्त राजकीय कार्य सम्पादित किये जायेंगे।

# गांवडे ने अतिक्रमण हटाने, भूमि आवंटन सहित परिवेदनाएं सुनी

**जालोर**, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं, परिवेदनाओं के निवारण, सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई के तहत जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में गुरूवार को डीओआईटी सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवेदनाओं की समीक्षा बैठक व जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिनमें आमजन की परिवेदनाएँ सुनकर उनका निस्तारण किया गया।



जालोर में कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गांवडे ( मध्य ) ने लोगों की समस्याएं सुनी। फोटो-राष्ट्रदूत

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं से रूबरू होकर विभागीय अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कब्जा हटाने, आम रास्ता खुलवाने, केशवना ग्राम में गोचर भूमि से अतिक्रमण हटाने, गौशाला को भूमि आवंटित करने, मंदिर माफी की जमीन पर कब्जे की शिकायत पर तहसीलदार से जांच करवाने सहित विभिन्न विभागों से जुड़े परिवाद सुनकर मौके पर ही विभागीय अधिकारियों से मामले की जानकारी लेते हुए जल्द से जल्द निस्तारण करने की बात कही। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जन सुनवाई के प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए उनका निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कुल 31 परिवाद प्रस्तुत हुए जिनमें से 4 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष प्रकरणों को सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज कर संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया। वही उन्होंने सतर्कता समिति में 7 दर्ज प्रकरणों की सुनवाई कर 4 प्रकरण का मौके पर निस्तारण कर शेष प्रकरणों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाडा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा, सीएमएचओ डॉ. रमाशंकर भारती, डिस्कॉम एसई पी.एस.राठौड, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता आर.सी.मीना, सावर्जनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रमेश सिंगारिया, सहकारिता विभाग के उप रजिस्ट्रार सुनील वीरभान, नगर परिषद आयुक्त दिलीप माथुर सहित विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे तथा वीसी के माध्यम से उपखंड अधिकारी एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।

# जोधपुर में तीन दिवसीय मानस रामायण 25 से




जोधपुर में श्री रामलीला आयोजन समिति अध्यक्ष निर्मल गहलोत ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया।

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर में श्री रामलीला आयोजन समिति की ओर से तीन दिवसीय मानस रामायण का आयोजन 25 अक्टूबर से कमला नेहरू नगर स्थित आदर्श विद्या मंदिर केशव परिसर में किया जाएगा।

> **खास बात यह है कि इस रामलीला में 300 से अधिक कलाकार हिस्सा ले रहे हैं। इनमें 10 वर्ष से लेकर 70 वर्ष तक के कलाकार शामिल**

खास बात यह है कि इस रामलीला में 300 से अधिक कलाकार हिस्सा ले रहे हैं। इनमें 10 वर्ष से लेकर 70 वर्ष तक के कलाकार शामिल है। यह सभी जोधपुर के ही रहने वाले हैं। इनमें स्कूल स्टूडेंट से लेकर व्यावसायिक उद्यमी भी कलाकार बने हुए हैं। बिना किसी शुल्क के सभी रामलीला की रिहर्सल में पिछले करीब डेढ़ दो माह से जुटे हुए हैं।

यह जानकारी देते हुए आयोजन समिति अध्यक्ष निर्मल गहलोत ने आज बताया कि इस बार की रामलीला आधुनिक समय को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। जिसमें कई बड़े कलाकारों ने अपनी आवाज दी है। इसमें रामानंद सागर के रामायण सीरियल में राम की भूमिका अदा करने वाले अरुण गोविल ने भी आवाज दी है।

इस रामायण की समय अवधि 2 घंटे 46 मिनट रहेगी। इस मानस रामलीला का म्यूजिक मुंबई में तैयार किया गया हैं। वहीं ग्राफिक्स वडोदरा, जोधपुर में बनाए गए हैं। रामायण सीरियल में राम का पात्र अदा करने वाले अरुण गोयल की आवाज इस रामायण में होगी। वहीं रावण की आवाज विनोद भट्ट ने की है। भरत की आवाज अयोध्या प्रसाद गौड ने की। गीत आलोक राज ने लिखे हैं। वहीं दिव्य कुमार, सुदीप कुमार, सुरेश वाडेकर ने गीत गाए हैं।

गहलोत ने बताया कि इस रामलीला के लिए आधुनिक ट्रैक बनाया गया है। इसी ट्रैक और ठााफिक्स को लेकर पूरे भारत में रामलीलाओं का आयोजन होगा। इसके लिए इस ट्रैक का कोई कॉपीराइट नहीं रखा गया है। इसी ट्रैक से ठोटर नोएडा, अयोध्या, इंडोनेशिया में भी कथा होगी।

निर्मल गहलोत ने बताया कि रामलीला में शहर वासियों को निमंत्रित करने के लिए एक लाख के करीब पत्रक छपवाए गए हैं। जिन्हें समिति से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ता घर-घर जाकर वितरित करेंगे।

रामलीला के प्रारंभ से पहले रोजाना सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ भी होगा। पूरे कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर 40 समितियां का गठन किया गया है।

वहीं मानस रामलीला के लिए 200 फीट लंबे, 80 फीट चौड़े और 30 फीट वाले ऊंचाई का स्ट्रक्चर तैयार किया गया है। पूरे परिसर में करीब 150 एलईडी लगाई जाएगी।

रामलीला देखने वाले दर्शकों को जीवंत मंचन के माध्यम से भगवान राम के आदर्शों के बारे में बताया जाएगा इसके लिए स्पेशल ठााफिक्स का सहयोग भी लिया जाएगा।

मानस रामलीला के निदेशक अरुण स्वामी व्यास है जबकि इसकी पूरी स्क्रिप्ट अयोध्या प्रसाद गॉड ने लिखी है।

## 'कण-कण विचरण' का लोकार्पण 19 को



दशरथ कुमार सोलंकी

**जोधपुर**, (कासं)। सृजना संस्था के तत्वावधान में सूर्यनगरी के रचनाकार दशरथ कुमार सोलंकी की पांचवी पुस्तक "कण-कण में विचरण" का लोकार्पण समारोह 19 अक्टूबर शनिवार की शाम 5 बजे चन्द्रा इन में आयोजित होगा ।

सचिव डॉ हरीदास व्यास ने बताया कि यह पुस्तक दशरथ सोलंकी की पहली गद्य कृति है जिसमें मानव-भाव सौंदर्य , प्रकृति-समन्वय और लालित्य भाव के इक्यावन ललित निबंध संगृहीत हैं । उनके चार कविता संठाह प्रकाशित हो चुके हैं। लेखक दशरथ पत्र, समीक्षा और भाव आलेख लिखते रहे हैं। उन्हें "डॉ रामप्रसाद दाधीच साहित्य सम्मान, साहित्य संगीति सम्मान, मीरा भाषा सम्मान, कवि बंकट बिहारी सम्मान और बापू को प्रेषित पत्रों के लिए दो बार राज्य सम्मान प्राप्त हो चुके हैं ।

सृजना अध्यक्ष सुषमा चौहान ने बताया कि लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिंतक, कवि, आलोचक, सम्पादक और राजस्थान साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष डॉ इंदुशेखर तत्पुरुष" होंगे । अध्यक्षता ख्यातनाम कवि, आलोचक, यात्रा लेखक, संपादक डॉ रमाकांत शर्मा करेंगे।

दशरथ कुमार सोलंकी राजस्थान लेखा सेवा के अधिकारी हैं एवं वर्तमान में जोधपुर विकास प्राधिकरण में निदेशक वित्त के पद पर कार्यरत हैं । इनके लेखन में प्रेम , प्रकृति , संवेदना, मानवीय मूल्य और संबंधों की सदाशयता का समावेश होता है।

## सार-समाचार

### मोदरान स्टेशन में कला उत्सव हुआ

**जालोर**, (कासं)। उच्च माध्यमिक विद्यालय मोदरान स्टेशन में गुरूवार को जिला स्तरीय कला उत्सव-2024 में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गंगा कलावंत व समग्र शिक्षा के अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वायक ईश्वरसिंह सांगाणा उपस्थित रहे। कला उत्सव में समग्र शिक्षा के कार्यक्रम अधिकारी देवेश दुआ ने बताया कि कला उत्सव स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय की माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों में कलात्मक प्रतिभा को पहचानने, उसे पोषित करने, प्रस्तुत करने और उनकी कलाओं को बढावा देने की पहल है। कला उत्सव के संयोजक एवं प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह ने बताया कि कला उत्सव में जालोर एवं सांचौर के 11 राजकीय एवं 2 निजी विद्यालयों के कुल 84 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कला उत्सव में कुल 6 श्रेणियों के अंतर्गत संगीत गायन में मगारावि शिवाजी नगर जालोर की रविना, संगीत वादन में स्वामी विवेकानन्द स्कूल वालेरा के भावेश कुमार, ललिता कुमारी व धर्मवीर गोयल, नृत्य में मगाराविशिवाजी नगर जालोर की आस्था तिवारी, ऐश्वर्या भटनागर, पिया, भाग्य श्री व कीर्ति सुथार, थियेटर में राउमावि सांकरणा की भाविका राजपुरोहित, वैशाली, रूचिका राजपुरोहित, जीनल व विनिता, दृश्यकला में राउमावि मांडोली के इन्द्र कुमार तथा कहानी वाचन में राउमावि मोदरा स्टेशन के निकुंज कंवर व किंजल कंवर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ये सभी विद्यार्थी अलवर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कला उत्सव में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। भामाशाह ओमपाल सिंह चंपावत, मदनसिंह जागरवाल, तगाराम प्रजापत, चुनाराम प्रजापत, पांचाराम प्रजापत, शांतिलाल जीनगर, डॉ. अशोक प्रजापत, नारायणलाल जीनगर आदि उपस्थित रहे।

### अजमीढ़ महाराज की जयंती मनाई

**पाली**, (नि.सं.)। श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज पाली ने स्वर्णकार समाज के आदिपुरुष महाराजा अजमीढ़ की जयंती धूमधाम से मनाई। प्रवक्ता अशोक अग्रोया ने बताया कि मैढ़ स्वर्णकार समाज द्वारा अग्रसेन भवन से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गो सर्राफा बाज़ार, उदयपुरिया बाज़ार, चूड़ीघर बाज़ार, रूई कटला, धानमंडी, सोमनाथ मंदिर, भैंरूघाट , पानी दरवाजा होते हुए पुनः अग्रसेन भवन पहुंची। समाजबंधु ढोल नगाड़ो के साथ नाचते हुए आनंद से महाराजा अजमीढ़ जी की झांकी और श्री राम दरबार की झांकी के साथ सम्मिलित हुए। तत्पश्चात भोजन प्रसादी का कार्यक्रम हुआ। दीप प्रज्वलन पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, महेंद्र बोहरा, समाज अध्यक्ष देवीलाल अड़ाणिया, संरक्षक विजयराज जांगलवा, बाबूलाल मोसून, गणपतलाल अड़ाणिया , जिलाध्यक्ष मोतीलाल अड़ाणिया, जिला प्रभारी रामकिशोर रोड़ा द्वारा कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। समाज अध्यक्ष ने कार्यक्रम की अध्यक्षता के लिए लादूराम सुरंडिया को मनोनीत कर सम्मानित किया। समाज के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के मध्य समाज के 51 प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान स्वर्ण पदक, रजत पदक, मोमेंटो एव प्रमाण पत्र देकर एव कार्यक्रम के भामाशाहों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मंच संचालक गुणप्रकाश कड़ेल ,समिति के उपाध्यक्ष रामनिवास रोड़ा, गणपतलाल अग्रोया, जगदीश खजवानिया, पवन अग्रोया, भावेश अड़ाणिया,नीरज सहदेव, नवयुवक मंडल अध्यक्ष रविन्द्र रोड़ा, महिला मंडल अध्यक्ष सोना अड़ाणिया सहित समाजबंधु उपस्थित रहे। अंत में समिति अध्यक्ष देवीलाल अड़ाणिया ने आभार प्रकट किया।

### नकबजनी का आरोपी गिरफ्तार

**पोकरण**, (निसं)। भणियाणा उपखंड में पुलिस ने नकबजनी की वारदात का खुलासा करते करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। प्रकाश सोनी निवासी देवातु हाल भणियाणा ने पुलिस थाना भणियाणा पर रिपोर्ट पेश कर बताया कि 13 सितम्बर की रात्री में चोरों द्वारा कस्बा भणियाणा में स्थित मेरी ज्वेलेरी की दुकान के पीछे की खिडकी तोड कर दुकान में रखे आभूषण चोरी कर ले गये हैं। पुलिस थे रिपोर्ट दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। नकबजनी की वारदात की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक जैसलमेर सुधीर चौधरी के आदेषानुसार प्रवीण कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पोकरण के निर्देशन में भवानीसिंह वृताधिकारी वृत पोकरण के सुपरविजन में देवाराम उनि थानाधिकारी पुलिस थाना भणियाणा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर टीम द्वारा मुल्जिमान की सरगर्मी से तलाश कर आसूचना संकलित कर तकनीकी सहयोग से प्रकरण की वारदात का खुलासा कर मुल्जिम भारत सिंह पुत्र प्रहलाद सिंह जाति राजपुत निवासी रतन सिंह की ढाणी भगवतीपुरा पुलिस थाना भणियाणा को दस्तयाब कर बाद पूछताछ गिरफ्तार किया गया। मुल्जिम के कब्जा से प्रकरण में चोरी किए गए आभूषण बरामद किए गए। मुल्जिम को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया।

### बैंक खाते से 20.46 लाख रुपए निकले

**जोधपुर**, (कासं) । महामंदिर स्थित मोहन नगर ए लक्ष्मी नगर में रहने वाले युवक के बैंक खाते से किसी शख्स ने 20.46 लाख रूपयों को ट्रांजेक्शन कर डाला। खाता डिमेट बताया गया है। मामला 6 जून से लेकर 1 जुलाई यानी 25 दिन में अंतराल में यह रकम निकाली गई है। पीड़ित ने अब ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज करवाया है। महामंदिर पुलिस ने परिवाद पर प्रकरण दर्ज कर तफ्तीश आरंभ की है। महामंदिर पुलिस ने बताया कि मोहननगर ए लक्ष्मी नगर निवासी शैलेन्द्र सिंह माली की तरफ से दिए गए परिवाद पर मामला दर्ज किया गया। इसमें बताया कि उसके बैंक खाते से पहला ट्राजेक्सन 6 जून को 10 हजार रूपए और फिर 1 जुलाई तक कुल 20,46,000 के ट्रांसेक्शन हुए।

### जल-स्वच्छता मिशन की बैठक 22 को

**जालोर**, (कासं)। जिला जल एवं स्चच्छता मिशन की 28 वीं बैठक कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में 22 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट में होगी। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता रमेशचन्द्र मीना ने बताया कि बैठक के दौरान गत बैठक में लिए गए निर्णयों एवं दिशा-निर्देशों, जल जीवन मिशन की वस्तुस्थिति, नर्मदा परियोजना के तहत स्वीकृति योजनाओं, ओटीएमपी योजना में चल रहे कार्यों, जेजेएम में पूर्ण योजनाओं को वीडब्ल्यूएससी को हस्तांतरण सहित विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा की जायेगी।

# मौलाना रजा ने मां-बाप की कद्र करने की नसीहत दी



जश्ने गौसुलवरा कार्यक्रम में हजरत अल्लामा मौलाना कारी इकबाल रजा ने तकरीर पेश की। फोटो-राष्ट्रदूत



जालोर शहर के लाल पोल के अन्दर जश्ने गौसुलवरा कार्यक्रम में लोगों की भीड़ उमड़ी। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर में लालपोल के अंदर मदीना कॉलोनी में बुधवार रात्रि को जश्ने गौसुलवरा के शानदार जलसे का आयोजन किया गया।

जिसमें खुशी मुकर्रर इस्लामिक स्कॉलर दाई ए इस्लाम हजरत अल्लामा मौलाना कारी इकबाल रजा साहब मुरादाबाद ने अपनी तकरीर करते हुए कहा कि अल्लाह ने हमें इस दुनिया में भेजने से पहले कुछ भी बना सकता था जानवर ,परिंदा कुछ भी, लेकिन उसने हमें इस दुनिया में इंसान बना कर भेजा यह अल्लाह की बहुत बडी नेमत है। हम दुनिया में रसूलल्लाह की उम्मत में पैदा किया और आपने फरमाया उसने दुनिया की सारी नेमत अता की। बदले में हमने पाक परवरदिगार को क्या दिया क्या हम सजदा करते हैं, क्या हम उसको अकेले में याद करते हैं। उसकी नमते का जितना शुक्र अदा करे। उतना कम हैं। मोमिनो को जीवन जीने के तरीके के बारे में बताया कि हमेशा सर झुका कर जिया करो सर उठा कर मत जियो । अल्लाह घमंड करने वालों को पसंद नहीं करता है। आपने कहा कि आप कभी किसी इंसान से अपने घर में काम करवाते हैं तो उसे मजदूर को उसकी मजदूरी पसीना सूखने से पहले अदा कर दो, यह हमारे नबी ने फरमाया है। हमें गरीबों का हक नहीं मारना है हमको हमेशा गरीबों को साथ खडे रहकर उनके बुरे वक्त में काम आना है यही इस्लाम सिखाता हैं। खुदा ने हमें देने वाला बनाया है मांगने वाला नहीं बनाया है आप अपने अखलाक को अच्छा करो किरदार अच्छा बना हर हाल में खुदा का शुक्र अदा करो , हममें ना कोई ऊंचा है और नहीं कोई छोटा है। वहीं अपने अल्लामा इकबाल के एक शेर के साथ कह एक ही सफ में खडे हो गए महबूदो अयाज ना कोई बंदा रहा ना कोई बंदा नवाज इस्लाम हमें इंसानियत ,भाईचारा, प्यार मोहब्बत का सबक देता है। फरमाया कि मां बाप के कदमों के नीचे जन्नत है। आप कभी मां-बाप के दामन को नहीं छोडे जो दुआ तुम्हारे हक में तुम्हारी मां कर सकती है वह दुनिया में कोई भी पैगंबर, पीर आलिम नहीं कर सकता। मां की दुआ अल्लाह जल्दी कबूल करता है अगर तुम्हारी मां जिंदा है तो उनकी खिदमत करते रहो ओर अपने हक में दुआ करवाते रहो।

इस अवसर पर कारी जावेद नात खान ने अपनी एक से बढकर एक नात ए कलाम पेश की वह मेरा नबी मेरा नबी है ,,,,,वह चाहे बुलाए है उनका करम है ,,, बातिल ने जब-जब बदले हैं तेवर नारे ए तकबीर अल्लाह हू अकबर,,,,, वहीं सरकार गौसे आजम की शान में भी एक से बढकर एक नाते कलाम सुनाकर माहौल को नारों से गूंजयमान कर दिया। इस अवसर पर हाफिज अल्लाह बख्श बासनी ने अपनी तकरीर करते हुए कहा कि दिन बहुत मुश्किल से फैला है हमारे नबियों ने बहुत तकलीफ उठा कर दीन को फलाया हैं। गौसे आजम ने हमें बेहतरीन दीन का संदेश दिया है आप गौसे आजम की महफिल में जो भी जाता था वह आपकी बातों से हिदायात पाता।

कार्यक्रम का संचालन मौलाना गुलाम अली ने किया। जलसे में मेहमानों का स्वागत सदर अयूब खान शेख, सचिव जबरू खान पठान, कोषाध्यक्ष मोहम्मद आरिफ , उपाध्यक्ष सलीम खान सिपाही, रमजान शाह , अयूब खान सिपाही , हाजी शमशेर खान, साबिर अली नेपाली ने स्वागत किया।

जलसे में सदर अयूब शेख, सचिव जबरू पठान, कोषाध्यक्ष मोहम्मद आरीफ ,उपाध्यक्ष सलीम खां, अयूब खां, उपाध्यक्ष आबाद अली, संगठन मंत्री अब्दूल सिलावट, सलमान सिलावट, महामंत्री कासीमखां,प्रवक्ता अरमान खान, समाजसेवी रमजान शाह, अनवर खान, वाहिद खां, शाहबाज खां, साबीर खां, सदाम खां , तनवीर खान, रेहान खा, जाहिद पठान, जुनैद पठान समीर नियागर,सकील खान, वसीम खान सहित कई लोग मौजूद रहे।